बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-373
**31/10/2024**

# स्व0 इंदिरा गॉधी की पुण्य तिथि (राष्ट्रीय संकल्प दिवस) पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई

पटना, 31 अक्टूबर 2024 :– भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गॉधी की पुण्य तिथि के अवसर पर आज पटना के शेखपुरा स्थित इंदिरा गॉधी इन्स्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रांगण में अवस्थित स्व0 इंदिरा गॉधी की प्रतिमा प्रांगण में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 इंदिरा गॉधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री महेश्वर हजारी, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ0 बिन्दे प्रसाद, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के अधीक्षक डॉ0 मनीष मंडल, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द कुमार सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 इंदिरा गॉधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया तथा सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन प्रस्तुत किया गया।

******